Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding grant of salary to workers in Firozabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh. .

श्री चन्द्र सेन जादौन (फिरोजाबाद): महोदय**,** मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का अवसर प्रदान किया। मैं उत्तर प्रदेश की फिरोजाबाद लोक सभा क्षेत्र से आता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद में सैकड़ों फैक्ट्रियां कार्यरत हैं**,** जिनमें श्रमिकों की तादात बड़ी संख्या में है**,** लेकिन फैक्ट्री मालिकों द्वारा श्रमिकों को वेतन देने में अनियमित्ता बरती जाती है।

पिछले कई महीनों से श्रमिकों को पूरा वेतन नहीं मिल रहा है, जिससे वह अपने परिवार का भरण-पोषण नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें दैनिक मजदूरी भी पूरी नहीं दी जा रही है। श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहा है, जिससे उनको सुविधाएँ नहीं मिल रही हैं। यदि किसी श्रमिक द्वारा सुविधा की मांग की जाती है, तो बदले में उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि ऐसे फैक्ट्री मालिकों को, श्रमिकों को वेतन देने के लिए आदेश जारी किया जाए।